आकाशवाणी श्री विजयपुरम

26.10.2024 समय : 1850

● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंश – एआई पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हो गई है।

● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

● अंडमान निकोबार अग्नि और आपातकालीन सेवा ने लोगों के लिए सुरक्षित दीपावली पर परामर्श जारी किया है।

● अंडमान निकोबार पुलिस ने नकली स्टॉक मार्केट निवेश से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए परामर्श जारी किया है।

● सतर्कता विभाग और भ्रष्टाचार रोधी इकाई की ओर से अट्‌ठाईस अक्तूबर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंश – एआई पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हो गई है और इससे विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि इससे इंजीनियरिंग क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। मन की बात आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के पक्ष को जानना और निर्णय लेना आसान होगा। न्यायमूर्ति ने कहा कि देश भर में जिला न्यायपालिका के लिए हुई परीक्षाओं में पचास प्रतिशत से अधिक भर्तियाँ महिलाओं की हुई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे महिलाएं न्यायपालिका में उच्च पदों पर पहुंच सकेंगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अग्नि और आपातकालीन सेवा ने लोगों के लिए सुरक्षित दीपावली पर परामर्श जारी किया है। लोगों को किसी भी तरह की दुघर्टना से बचने के लिए गुणवत्तायुक्त पटाखे खरीदने का अनुरोध किया गया है। घरों के अंदर पटाखे न जलाने तथा पटाखे जलाते समय मोटे सूती कपड़े पहनने और सिन्थेटिक फाइबर या ढीले–ढाले या लच्छेदार परिधान न पहनने को कहा गया है। जलने की स्थिति में शरीर के जले हुए स्थान पर भारी मात्रा में पानी डालने, पटाखे जलाते समय चेहरे को पटाखे के नजदीक न रखने, बच्चों द्वारा मोमबत्तियों, दीयों और पटाखे जलाते समय उन पर नजर रखने तथा बहुत छोटे बच्चों को पटाखे जलाने न देने का भी अनुरोध किया गया है। सूखे पत्तों, गैस सिलेण्डरों

और वाहनों से पटाखों को दूर रखने, अधजले पटाखों को छूने से परहेज करने और उसे कुछ देर बाद नष्ट करने, प्रवेश और निकासी मार्ग पर पटाखे न जलाने, परदों तथा ज्वलनशील वस्तुओं के आस–पास जलते हुए दीए, मोमबत्तियां आदि न रखने और दुर्घटना होने पर तुरंत चिकित्सीय जांच के लिए अस्पताल ले जाने का अनुरोध किया गया है। किसी भी अग्नि दुर्घटना और प्रदूषण को कम करने के लिए यह दिशा–निर्देश जारी किए गए है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार विद्युत श्रमिक संघ के अध्यक्ष एन. पेद्दाराजू ने दक्षिण अंडमान ज़िले में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पचास से अधिक मेगावाट के ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का अनुरोध किया है। द्वीपों के दौरे पर आए केन्द्रीय ऊर्जा और आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना से द्वीपों में विशेषकर दक्षिण अंडमान में बिजली की समस्या से निजात मिलेगा और पर्यटन गतिविधियां भी प्रभावित नहीं होगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड –सीबीडीटी ने कॉरपोरेट करदाताओं के लिए आंकलन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ा दी है। अंतिम तिथि इक्कतीस अक्टूबर से बढ़ाकर पन्द्रह नवंबर कर दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने नकली स्टॉक मार्केट निवेश से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, या गूगल पर व्हाट्सऐप या टेलीग्राम पर निवेश समूह को बढ़ावा देने वाले प्रायोजित विज्ञापनों से सावधान रहने को कहा गया है। अज्ञात संस्थाओं के साथ संवेदनशील वित्तीय जानकारी साझा करने से बचने, साामन्य निवेश घोटालों से सावधान रहने और ऐसे निवेश प्रस्तावों से बचने को कहा गया है, जिसमें कम समय में उच्च रिर्टन का वादा किया गया हो। पुलिस ने हाल के दिनों में व्हाट्सऐप और अन्य स्रोतों पर कॉल के माध्यम से व्यक्तियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी गतिविधियों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए प्लस 92 वाले नम्बरों से आने वाले कॉलो से बचने की भी सलाह दी है। परामर्श में कहा गया है कि धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी पोर्टल पर उपलब्ध चक्षु रिपोर्ट सस्पेक्टेड फॉड कम्यूनिकेशन का उपयोग करें। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या साइबर काइम डॉट जी ओ वी डॉट कॉम पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सतर्कता विभाग और भ्रष्टाचार रोधी इकाई की ओर से अट्ठाईस अक्तूबर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। तीन नवम्बर तक चलने वाले सप्ताह के दौरान सतर्कता विभाग और भ्रष्टचार रोधी इकाई की ओर से सुशासन पारदर्शिता उत्तरदायित्व और विभिन्न कानूनों का सही तरीके से पालन करने और एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करने पर बल दिया जाएगा। आम जनता से भी भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में सहयोग देने और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के रामाकृष्णपुर ग्राम पंचायत में नवनिर्वाचित प्रधान का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। समारोह अट्ठाईस अक्तूबर को शाम तीन बजे क्षेत्र के पंचायत हॉल में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

प्रशासन की अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रातरापुर राजस्व गांव में अभियान चलाकर करीब साढ़े तीन सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि को खाली कराया गया। नियमों के तहत की गई कार्रवाई के बाद जमीन पर बने अवैध ढांचे और घेराव को नष्ट किया गया। ज़िला प्रशासन ने ऐसी अवैध गतिविधियों और अतिक्रमण के बारे में जिला नियंत्रण कक्ष के फोन पर जानकारी देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट श्रेणी तीन के पद के लिए उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच के बाद चयनित और अस्थाई रूप से चयनित उम्मीदवारों की श्रेणीवार सूची प्रशासन की वेबसाइट और भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र आने वाले दिनों में जारी किया जाएगा। निर्धारित समय के भीतर जो उम्मीदवार पद ग्रहण नहीं करते हैं, तो प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों को उनकी वरीयता के हिसाब से नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। योजना के तहत भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी या एआईसीटीई–मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में अर्थशास्त्र या वित्त विषय पढ़ाने वाले पूर्णकालिक संकाय सदस्य अल्पकालिक शोध के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। छात्रवृत्ति के लिए शोध में शामिल क्षेत्र मौद्रिक और वित्तीय अर्थशास्त्र, बैंकिंग, वास्तविक क्षेत्र के मुद्दे तथा आरबीआई के हित के अन्य विषय पर आधारित हैं। इस योजना का उद्देश्य आरबीआई के भीतर विभिन्न परिचालन क्षेत्रों का अनुभव प्रदान करते हुए संकाय और छात्रों के बीच आरबीआई की गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पांच नवम्बर है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र और अधिक विवरण आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

<><><><><><>